पत्र संख्या-आई0टी0-वेबसाइट /2015-16/ 625 /1516040 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
( आई0टी0 अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक :: सितम्बर 29 ,2015

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0)
समस्त ज्वाइन्ट कमिशनर (कार्यपालक/वि0अनु0शा0)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

कृपया शासन के पत्र सं0 -जी0/249/सीएम-2015 दिनांक 21-08-2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मण्डलीय / जनपदीय तथा अन्य अधिकारियों जिन्हें शासनादेशों की अद्यतन जानकारी होना आवश्यक हो, को ऑन लाईन शासनादेश की वेबसाइट http:// shashandesh.up.nic.in पर विभाग के शासनादेश की सूची प्राप्त करने हेतु रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देशों के क्रम में आन लाईन शासनादेश सम्बन्धित वेबसाईट http:// shashandesh.up.nic.in पर रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया निम्नवत है :-

1. सर्वप्रथम वेबसाईट http:// shashandesh.up.nic.in के WEB Page पर शासनादेशों की दैनिक सूची प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के Link पर क्लिक किया जायेगा।

2. इसके पश्चात आन लाईन आवेदन पत्र स्क्रीन पर उपलब्ध हो जायेगा जिसमें सम्बन्धित अधिकारी को नाम, पिता का नाम, पता, देश, प्रदेश, जिला , मोबाइल नम्बर, ई मेल आई0डी0 , विभाग जिसके शासनादेश पंजीकृत करना चाहते हैं तथा व्यवसाय चयनित किया जायेगा । इसके पश्चात SUBMIT करने पर सम्बन्धित Confermation Link अंकित Email ID पर उपलब्ध हो जायेगा जिस पर क्लिक कर Confirm करने के पश्चात शासनादेशों की दैनिक सूची email पर स्वत: ही उपलब्ध होनी प्रारम्भ हो जायेगी।

कृपया उक्त निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

29/09/15
( मुकेश कुमार मेश्राम )
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।